Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding procurement of cotton by Cotton Corporation of India in Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से केन्द्रीय वस्त्र मंत्री जी का ध्यान कपास की खरीदी के संदर्भ में आकृष्ट करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार ने चालू कपास सीजन वर्ष 2019-20 के लिए लंबे रेशे वाले कपास का एमएसपी 5550 रुपये प्रति क्विंटल और मध्यम रेशे के कपास का 5255 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है । किसानों के लिए सफेद सोना कहलाने वाली फसल कपास इस बार उनके लिए सफेद सोना साबित नहीं होने जा रही है क्योंकि देश में कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया केन्द्र द्वारा बड़े पैमाने पर खरीद शुरू न करने के कारण किसान सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम भाव 4000-4500 रुपये प्रति क्विंटल पर कपास बेचने को मजबूर है, जिससे किसान को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये से ज्यादा का नुकसान हो रहा है । विश्व में कपास की मंदी के कारण कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 20 लाख गांठ खरीदी का लक्ष्य रखा गया है । इसे बढ़ाकर एक करोड़ गांठ खरीदी की जाए जिससे सही भाव भी मिले और खुले मार्किट में भी किसानों को सही भाव के ऊपर दाम मिले । आज महाराष्ट्र राज्य में बहुत जगहों पर ज्यादा बारिश होने से किसानों का नुकसान बड़े पैमाने पर हुआ है तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू रहने से केन्द्र सरकार से मदद की अपेक्षा है । कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया केन्द्र द्वारा कपास की खरीदी करते समय कपास की आद्रता की सीमा 8 प्रतिशत से 12 प्रतिशत तक है । महाराष्ट्र की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए 15 प्रतिशत करने की आवश्यकता है ।

अत: मेरा सदन के माध्यम से केन्द्रीय वस्त्र मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त सभी समस्याओं पर अपने स्तर से विचार कर शीघ्र समस्याओं का निदान कराने का कष्ट करें ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी. जोशी को श्री रामदास तडस द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।